# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री


9 प्रदेश में कश्मीर के नाम से मशहूर ओड़ आमामोरा में...



10 अमलीपदर सूखा नदी पुल का निर्माण एक साल से बंद...




## खबर संक्षेप

### विधायक साहू आज राजिम प्रवास पर



**राजिम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 नवंबर को दोपहर 2 बजे 20 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा बीपीएच यूनिट का भूमिपूजन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

### पुराने विवाद को लेकर ससुर-बहू से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में दो लोगों ने पुराने विवाद को लेकर ससुर-बहू से मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी धनीराम साहू महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 24 नवंबर की रात करीब 8 बजे घर के सामने लोकेश निषाद और लखन निषाद दोनों एक वर्ष पूर्व पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज रहे थे, जब मना किया तो आरोपियों ने एक राय होकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही बहू दुर्गा साहू के साथ भी गाली गलौज करते हुए जमीन पर घसीट कर मारपीट किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम पिरदा में ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सुबह 9.30 बजे डिग्रीलाल साहू अपने मोटर सायकल सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एल 6039 में भाभी सुबलया साहू के साथ में अपने ससुराल किशनपुर जा रहा था। ग्राम पिरदा से बरेकेल रोड में डोलचंद के दुकान के आगे पिरदा पहुंचने पर जॉन डियर ट्रैक्टर के चालक चंद्रशेखर नायक ग्राम अजगरखार ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर डिग्रीलाल साहू के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घायल अवस्था में उसे निजी नर्सिंग होम बसना ले जाया गया, डॉक्टर ने चेक कर मौत हो जाना बताया। वहीं सुबलया साहू के गले व कान के पास चोट लगी है। जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई अनंत साहू निवासी मिलाराबाद की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(बी), 281बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**धान खरीदी : समिति प्रबंधक ने कहा 10 दिसंबर तक का कट चुका है टोकन**

# खरीदी केंद्र पिपरौद में 5337 क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

किसान इन दिनों फसल कटाई में व्यस्त तो है ही इसके साथ ही साथ समर्थन मूल्य रेट पर धान बिक्री करने उपार्जन केंद्र में पहुंचने लगे हैं। धान खरीदी केंद्र पिपरौद में धान खरीदी का काम चल रहा है। यहां खरीदी केंद्र में किसान 14 नवंबर से निरंतर धान बेचने में व्यस्त हैं। यहां खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। किसानों के लिए पीने की पानी एवं धान के रखरखाव के लिए उचित व्यवस्था नजर आया। शाम से ही बिजली की रौशनी एवं संभावित बारिश से धान को बचाने तालपतरी की व्यवस्था रखी गई है। शासन के नियमानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। धान विक्रय के लिए ऑनलाइन माध्यम से टोकन काटे जा रहे हैं। समिति प्रबंधक ने बताया कि 10 दिसंबर तक टोकन कट चुका है। आज जो टोकन कटेगा वह 11 दिसंबर के लिए होगा। पहले आओ, पहले पाओ के तर्ज पर जो किसान पहले टोकन कटवाएगा वह उतने जल्दी धान बेच पाएगा। छोटे एवं बड़े किसानों में कोई भेद नहीं रखा गया है। सबके लिए समान रूप से व्यवस्था है। किसान अपना टोकन कटवाकर निर्धारित तिथि में धान खरीदी केंद्र आकर बेच सकते है। भुगतान की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। पिपरौद धान खरीदी के माध्यम से शासन द्वारा अब तक 1 करोड़ 23 लाख रुपए का भुगतान जारी कर दिया गया है। यहां प्रतिदिन 1295 क्विंटल धान खरीदी की जाती है। इस वर्ष 58 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य है जिसमें अब तक 5337 क्विंटल की धान खरीदी की जा चुकी है।

- किसानों को 1.23 करोड़ रुपए का भुगतान



### इलेक्ट्रॉनिक मशीन से हो रही तौलाई

किसान आनंदराम साहू ने बताया कि उन्होने बजरंगपुर से 100 कट्टा धान लाए है जिसका वजन 40 क्विंटल है। डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौलाई का काम हो रहा है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लिया जा रहा है। खरीदी केंद्र में सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है। इन सुविधाओं पर किसानों ने संतोष जाहिर किया।

### 72 घंटे में भुगतान

धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक सेवाराम श्रीवास ने बताया कि धान खरीदने के बाद पोर्टल में भुगतान के लिए एंट्री की जाती है। शासन के नियमानुसार 72 घंटे में भुगतान होना है। समिति से संबंधित किसानों का भुगतान प्रारंभ हो गया है अभी किसानों को 23 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान हों रहा है। शेष राशि शासन के नियमानुसार भुगतान की जाएगी। अब तक पिपरौद धान खरीदी केंद्र में 1 करोड़ 23 लाख का भुगतान किसानों के खातों में डाले जा चुके है।

### उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं

धान खरीदी केंद्र पिपरौद से अभी उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। समिति प्रबंधक ने बताया कि अभी तक एक भी आर ओ जारी नहीं हुआ है। रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी समिति एवं समिति प्रबंधक की है। इसलिए चिंता होना लाजिमी है। प्रबंधक ने बताया कि धान तौलने से लेकर बोरा भरने का कार्य मजदूरों के माध्यम से हो रहा हैं। किसानो की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

**गरियाबंद।** किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रो एटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। इसके लिए सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से धान उपार्जन की व्यवस्था की गई है। सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है एवं चेक पोस्ट की स्थापना की गई है।

# ठण्डी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



अंचल में इन दिनों यकायक ठंड के बढ़ जाने से सुबह लोगों को ठिठुरन महसूस होने लगी है। ठण्ड का असर है कि शाम होते ही सड़क व बाजारों में लोगों की आवाजाही कम हो गयी है। सुबह भी लोग देर तक बिस्तर में ही दुबके रहते हैं। कोहरे की वजह से सुबह सैर के लिए जाने वालों की संख्या में भी कमी देखी जा रही है। विदित हो देश के उत्तरी क्षेत्र में होने वाली बर्फबारी व उत्तर की ओर से आने वाली ठण्डी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। क्षेत्र का अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 13 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। वहीं इसी वजह से सर्दी जुकाम के मरीजों की संख्या में भी तेजी से वृद्धी हो रही है। ठंड बढ़ने से सर्वाधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। अंचल के बहुत से बच्चे शहर से 12-16 किमी दूर के सीबीएसई स्कूलों में अध्ययन करने जाते हैं। अतः उन्हें सुबह 6-7 बजे तक तैयार होकर घर से निकलना पड़ता है। बढ़ती ठंड की वजह से अल सुबह व देर शाम लोग अलाव तापते हुए भी नजर आ रहे हैं।

# मोटर पंप ध्वस्त, चरौदा में 15 दिनों से भीषण जलसंकट

**छुईहा बेलर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर अन्तर्गत ग्राम पंचायत चरौदा में बीते 15 दिन से नल जल योजना बोर मोटर पंप से पीने की पानी सप्लाई बंद है। आम जनता विशेष कर महिलाओं के द्वारा पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इस समय महिलाओं के साथ परिवार का पुरूष सदस्य भी दूर से पानी लाने मजबूर है। इधर ग्राम पंचायत सरपंच चरौदा प्रतिनिधि मनोज नुतन पटेल ने नलजल योजना के बोरवेल की मोटर खराब तो दूसरे बोर में पाइप सहित पंप गिरने से यह समस्या बनी हुई है। मंगलवार तक बन जाने की बात कही है। वहीं पेयजल की समस्या से जुझ रहे ग्रामीण जनपद पंचायत फिंगेश्वर मुख्यकार्यपालन अधिकारी स्वपनिल ध्रुव से शिकायत कर पेय जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। अधिकारी ने देख लेने की बात कही है। चरौदा निवासी पूर्व जनपद सदस्य गौकरण ध्रुव, अभय सिन्हा, राधेश्याम साहू भागवत सिन्हा इत्यादि ने पेयजल की समस्या से जुझ रहे ग्रामीण पानी के लिए यहां- वहां भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना संचालित है। लेकिन एक महीने से नलजल योजना में कुछ गड़बड़ी आ जाने के कारण पानी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी जनपद एवं पीएचई अधिकारियों को भी है। लेकिन जिम्मेदार इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को समस्या में सुधार नहीं हुआ तो परिस्थिति कुछ और होगी। मुख्यकार्यपालन अधिकारी फिंगेश्वर स्वपनिल ध्रुव ने कहा उक्त पंचायत के सरपंच सचिव से संपर्क कर चर्चा करता हूं।

# श्री रामलला दर्शन के लिए 94 श्रद्धालुओं का दल हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए श्री रामलला दर्शन के लिए श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान समाज कल्याण के उप संचालक श्री डी.पी ठाकुर ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग से आदित्य लाम्बे, लीलाराम ध्रुव, गुरु शरण साहू, लीलेश, चितेन्द्र पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ने श्री रामलला दर्शन के सपने को साकार किया है। सरकार की मदद से अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या में श्री रामलला स्थापना पश्चात वहा जाने की बहुत इच्छा थी। शासन ने वहा जाने में मदद की। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

# संविधान दिवस की हीरक जयंती पर वर्षभर होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राज्य के स्कूल, कॉलेज और ग्राम पंचायतों में साल भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' का टैगलाइन निर्धारित किया गया है। स्कूली बच्चों को डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट मायजीओवी डॉट इन पर मायजीओवी प्रतियोगिताओं और मायभारत डॉट जीओवी डॉट इन पर युवा सहभागिता गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति गांवों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान, जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं होंगी, उन पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का भी आयोजन होगा, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा और समझाया जाएगा। इस मौके पर जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। संविधान सभा के सदस्यों से जुड़े गांवों में, जिसमें संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष जोर देते हुए विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे। स्कूलों और कॉलेजों में संविधान के प्रावधान, संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत तथा नवीनतम संशोधन आदि विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित किया जाएगा।

- स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता


**बोर खनन**

**राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम**

- बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग- ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग- ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर- ₹1000
- छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
- 100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
- बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।



बोर खनन के लिए संपर्क करें- मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने

मो. 7828297607,9009541542

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



# दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलियों पर भारी पड़ा नोटा, 17 प्रत्याशियों को 100 से कम वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में 17 प्रत्याशियों को 100 से भी कम वोट मिले। कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। शेष प्रत्याशियों में अधिकांश निर्दलीय थे, जिन्हें एक-एक वोट के लिए मशक्कत करनी पड़ी। निर्दलियों में सबसे अधिक 881 वोट अंकुश बेरिएकर को मिले। वहीं नोटा को इन सबसे ज्यादा 1147 वोट मिले। चुनाव में सभी निर्दलियों को मिलाकर कुल 2.36 प्रतिशत मत मिले। वहीं अकेले नोटा को 0.81 प्रतिशत मत मिले।

दक्षिण के उपचुनाव में अधिकांश मुस्लिम प्रत्याशी खड़े हुए थे, इनमें से सभी को 200 से कम वोट मिले। चुनाव के दौरान अधिकांश प्रत्याशियों का प्रचार पूरे शहर में कहीं नहीं दिखा। आपसी संबंधों के आधार पर उन्होंने वोट बटोरे। एक प्रत्याशी को छोड़कर किसी को 500 से अधिक मत नहीं मिले। चार सौ से कम मत पाने वाले प्रत्याशियों के केवल दो हैं, इनमें जीतेंद्र शर्मा और चंद्रप्रकाश कुर्रे शामिल हैं। दो सौ से अधिक मत पाने वालों में अखिलेश ब्रम्हदेव शामिल हैं, उनहें 229 वोट मिले। 200 से कम और 100 तक वोट पाने वाले पांच प्रत्याशी हैं। उसके बाद कोई भी प्रत्याशी 100 का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे कम 25 वोट रिजवान को मिले। इनमें से अधिकांश प्रत्याशी वोट काटने के लिए खड़े थे। आम लोगों के बीच उनके नाम का प्रचार न होने से जान-पहचान वालों के वोट उनके खाते में आए। दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कुल 3528 वोट बटोरे।

हरिभूमि फॉलोअप

## 28 की जमानत जब्त, निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक नोटा को मिले 1147 वोट

### भाजपा-कांग्रेस को छोड़ शेष जमानत नहीं बचा पाए

उपचुनाव में 30 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई। इनमें से दो को छोड़कर शेष प्रत्याशी जमानत के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत वोट भी नहीं पा सके। उनकी जमानत जब्त हो गई। अब उन्हें जमानत राशि वापस नहीं मिलेगी। चुनाव के दौरान खर्च का ब्योरा उन्हें देना होगा। चुनाव परिणाम आने के एक माह के अंदर सभी को अपने चुनाव व्यय की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को देनी होगी। खर्च का ब्योरा न देने पर उन्हें आगे चुनाव के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।



भाजपा-कांग्रेस चुस्त, वोटर सुस्त, कम वोटिंग ने बढ़ाई उम्मीदवारों की टेंशन

विधानसभा चुनाव के मुकाबले उपचुनाव में वोटर उदासीन, अब तक का सबसे कम वोटिंग प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीत-हार का अंतर रहेगा कम

शाम तक केवल 50 फीसदी मतदान




## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम से मिलने अस्पताल पहुंचे भूपेश

**रायपुर।** सड़क हादसे में जख्मी हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम का इलाज रामकृष्ण अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनका कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंचे। उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित अनेक नेताओं ने उनसे मुलाकात की। श्री नेताम की कार को शुक्रवार रात बेमेतरा इलाके में पिकअप ने ठोकर मार दी थी। हादसे में उनके अलावा पीएसओ, ड्राइवर तथा एक अन्य को चोटें आई थीं।

### निजात अभियान में शामिल हुए कॉलोनीवासी



**रायपुर।** 75वीं संविधान दिवस के पूर्व संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी लभांडी में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलोनीवासी पुलिस के निजात अभियान में शामिल हुए। इस दौरान विधि विशेषज्ञ, पुलिसकर्मी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवियों ने उपास्थित होकर सामाजिक संदेश देकर कॉलोनीवासियों को जागरूक किया। इस मौके पर नशामुक्ति महाभियान के संयोजक, अधिवक्ता भगवानू नायक, नगर निगम अधिकारी अमित बोस ने कॉलोनीवासियों को जानकारी दी।

### श्रीरामलला दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**अभनपुर।** विधायक गृह ग्राम बेन्द्री मे 9 लोगो को भक्त रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सरपंच कौशल साहू ने सभी की सुखद यात्रा की कामना करते कहा कि धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टिकोण से शासन द्वारा यह योजना संचालित की जा रही है जिसमे हजारो लोग राम लला के दर्शन कर चुके है इस यात्रा से ग्रामीणो मे धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना और उन्हे अयोध्या जैसे ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थान से जोडऩा है।

## दूसरी ट्रेनों पर बढ़ा दबाव, इसलिए हर दिन विवाद की स्थिति

# ट्रेनें रद्द होने से भीड़ बढ़ी तो जगह के लिए रोजाना विवाद, थोक में शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेनों के लगातार रद्द होने की वजह से समान रूट पर चलने वाली दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से यात्री दूसरी ट्रेनों में रिजर्व सीटों पर भी कब्जा जमाने से नहीं हिचक रहे हैं। इस वजह से हर दिन ट्रेनों में विवाद की स्थिति बन रही है। जनरल से लेकर स्लीपर कोच तक लगातार सीटों को लेकर झगड़े हो रहे हैं। ऐसे में सीटों का विवाद सुलझाने टीटीई और आरपीएफ जवानों को सामने आना पड़ रहा है। आरपीएफ और टीटीई को हर दिन 20 से अधिक शिकायतें मिल रही हैं, जिसे सुलझाने वे यात्रियों को उनकी सीटें दिला रहे हैं। साथ ही बगैर टिकट ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई भी कर रहे हैं।


हरिभूमि सरोकार

दरअसल पटरियों के काम के चलते 30 ट्रेनों के प्रभावित होने के बाद रविवार को गोंदिया, नांदेड़, विशाखापट्टनम सहित नागपुर रूट की ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अचानक ट्रेनों के रद्द होने की वजह से यात्रियों को तत्काल में भी टिकट नहीं मिल रहा। इस वजह से ज्यादातर यात्री एक्सप्रेस का टिकट लेकर ट्रेनों में सफर कर रहे और रिजर्व सीटों पर कब्जा जमा रहे हैं। यह एक दिन की स्थिति नहीं, बल्कि हर बार ट्रेनों के रद्द होने से इसी तरह के विवाद सामने आते हैं। ट्रेनों के रद्द होने से लगातार आरपीएफ को यात्रियों से सीट कब्जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वेटिंग टिकट के यात्री दिन में खड़े होने या फिर दूसरे यात्री की सीट शेयरिंग से समय गुजार लेते हैं, लेकिन रात में यात्रियों को सीट के नीचे बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। रात के वक्त अपनी जगह से बाथरूम जाने या ट्रेन से नीचे उतरने में भी यात्रियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।



### स्लीपर में भी रात का सफर मुश्किल

रात के वक्त स्लीपर कोच की दशा भी जनरल कोच जैसी होने लगी है। वेटिंग यात्री सीट के नीचे बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। वहीं जनरल कोच में आरक्षण की बंदिशें हटने के बाद रात के वक्त कोच के भीतर प्रवेश करना तक मुश्किल हो गया है। भारी भीड़ देख यात्री भी स्लीपर में चढ़ने लगे हैं। कोच में अन्य यात्री न आएं, इस वजह से जनरल कोच का दरवाजा यात्री रात में बंद कर देते हैं। इस वजह से मजबूरी में यात्रियों को स्लीपर कोच में चढ़ना पड़ता है। कई यात्रियों ने ट्रेनों में भारी भीड़ की तस्वीर ट्विटर पर अपलोड कर मदद की गुहार लगाई है।



### हर दिन 20 से अधिक शिकायतें

ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। ट्रेनों में तैनात आरपीएफ जवानों को हर दिन यात्रियों के ओर से सीट पर कब्जे की शिकायतें मिल रही हैं। आरपीएफ जवान ट्रेनों में यात्रियों को उनकी सीट दिलाने में मदद कर रहे हैं। वहीं बिना टिकट यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई भी जा रही है। एमपी, विशाखापट्टनम समेत दिल्ली रूट की ट्रेनों में आरपीएफ और टीटीई को दिन में अधिक शिकायतें मिली हैं। वहीं दिन की तुलना रात में अधिक समस्या होती हैं। कई यात्री पहले से दूसरे यात्री की सीट पर कब्जा कर लिए होते हैं। आरक्षित यात्री के पहुंचने पर उन्हें पूरी सीट नहीं मिल पाती, इस वजह से कंफर्म टिकट के यात्रियों को सोने में दिक्कत होती है। शिकायत पर तत्काल टिकट जांच कर मदद की जाती है।

# भाजपा ने सदैव किसानों के हितों की रक्षा की है : विधायक साहू




हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

विकासखंड मुख्यालय मे स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मे नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा ने विधायक इन्द्रकुमार साहू के उपस्थिति मे पद्भार ग्रहण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या मे समिति के कृषक सदस्य व संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि आप सभी के भावनाओ के अनुरूप विगत तीन बार समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रदीप शर्मा को शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है प्रदीप शर्मा का क्षेत्र के सभी कृषको से सीधा जुड़ाव है व समर्पण भाव से किसानो के हित मे काम करने की पहचान है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसान हित मे ही फैसले लेती है हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी चुनाव के दौरान वादा किया था कि दो साल का बकाया बोनस एवं 3100 रूपये मे धान खरीदी जिसे सरकार गठन के तुरंत बाद ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जन्म दिवस पर बकाया बोनस का वितरण किया गया है। हमारी सरकार किसानो के प्रति वचनबद्ध है, धान खरीदी मे और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए हमारी सरकार ने घर बैठे किसानो को ऑनलाईन टोकन की व्यवस्था की थी लेकिन किसानो की मांग को देखते हुये हमारे द्वारा सहकारिता मंत्री से पूर्व की भांति 60-40 के अनुपात मे टोकन काटने की व्यवस्था करने की मांग की गई थी जिस पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिस पर आने वाले एक सप्ताह के अंदर यह नियम जारी हो जायेगा। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, महामंत्री भरत बैस, सूरज साहू, चेतना गुप्ता, मुकेश ढीढी, वरूण राठी, राइस एसोसियन के प्रतिनिधि मोहन अग्रवाल, प्राधिकृत अधिकारी राघवेन्द्र साहू, बिहारी साहू, नेतराम साहू, लीला राम साहू, अनिल साहू, छबिराम साहू, समिति व्यस्थापक खोपू राम साहू, जिला सहकारी बैक प्रबंधक शशि यादव सहित अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्र के कृषक सदस्य बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

- नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा ने पदभार ग्रहण किया


# रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में जल्द आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी के आउटर वार्ड में अमृत मिशन के तहत बनाए गए गांव फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए नगर निगम को फंड उपलब्ध कराने क प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह जयस्तंभ चौक स्थित नगर निगम के मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के टॉप फ्लोर में संचालित आईटीएमएस के हैंडओवर और मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

- फुंडहर और लभांडी पानी टंकी के इंटर कनेक्शन के लिए फंड संबंधी प्रस्ताव
- आईटीएमएस के मेंटेनेंस को लेकर हो सकती है चर्चा

दरअसल नगर निगम द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी को पत्र लिखकर अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने फंड मांगा गया है।




जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 नई पानी टंकी बनकर तैयार हैं, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए निगम के पास फंड नहीं है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद भी इसकी मंजूरी नहीं मिली।

### बोरवेल्स और कुंए के भरोसे ग्रामवासी

दोनों गांवों के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि अमृत मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर बनाई गई नई पानी टंकी मात्र शोपीस बनकर रह गई है। डेढ़ साल से अटके काम को पूरा कराने नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को पत्र भेजा गया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में रखे जाने की तैयारी है।

# 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बोरियाखुर्द के खेल मैदान में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए भूमिपूजन व ध्वजपूजन रविवार को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छूराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे-बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाह दिवस इत्यादि विविध संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। इसी दौरान रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है।

# ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग, दो दबोचे गए, गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान से बचने शरारती वाहन चालकों द्वारा नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइंस पुलिस ने नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर वाहन चलाने के आरोप में दो दोपहिया वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस 318(4), 319(2), 338, 336 (3), 340(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, अरुण अवस्थी, दीपक देवांगन की शिकायत पर ताजनगर निवासी मोहम्मद अहमद तथा राजा तालाब निवासी भावेश सावरकर को गिरफ्तार किया गया है। अरुण तथा दीपक ने पुलिस और ट्रैफिक थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके वाहन का पिछले कई महीनों से लगातार ई-चालान आ रहा है। ई-चालान उन जगहों से है, जहां उनकी दोपहिया संबंधित तारीख को उस क्षेत्र से गुजरी ही नहीं है।

### आईटीएमएस के माध्यम से हुआ खुलासा

पुलिस के मुताबिक, शिकायत के आधार पर आईटीएमएस के माध्यम से वाहन मॉडल तथा वाहन नंबर की तसदीक की गई। नंबर तसदीक करने पर संबंधित वाहन अरुण तथा दीपक का नहीं होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों के बारे में जानकारी जुटाकर नंबर टेंपरिंग कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गिरफ्तार किया।



- शरारती वाहन चालकों ने निकाला बचने का रास्ता
- ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लगातार आ रहे थे ई-चालान
- असल वाहन नंबर के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

### 10 साल से ज्यादा सजा का प्रावधान

*नंबर प्लेट टेंपरिंग कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। दर्ज धाराओं में आरोप सिद्ध होने पर 10 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने से बचने की सलाह दी है।*

### 53 हजार का चालान आने पर की शिकायत

पुलिस के अनुसार मोहम्मद ताज नंबर टेंपरिंग कर वाहन नंबर सीजी 04 पीसी 3569 चला रहा था। उस नंबर के कुल नौ ई-चालान जनरेट हुए थे। नौ ई-चालान में 39 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। इसी तरह से भावेश टेंपरिंग कर सीजी 04 पीटी 5289 नंबर से वाहन चला रहा था, उस नंबर से कुल चार ई-चालान जनरेट हुए और 14 हजार रुपए चालान कटा है।

# अनूपपुर-कटनी तक तीसरी रेललाइन पर मॉडिफिकेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत अनूपपुर से कटनी के मध्य 165.52 किमी तीसरी लाइन का निर्माण 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 101 किमी तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

- नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन शुरू होने से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से मध्यप्रदेश के कटनी तक फैला हुआ है। यह रेलमार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है और विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है।

अनूपपुर-कटनी रेलखंड छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख शहरों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ से होकर कटनी के रास्ते उत्तर भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का भी हिस्सा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, राजनांदगांव-कलमना, नागपुर 228 किलोमीटर तीसरी रेललाइन तथा अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है।



### इस वजह से रद्द करनी पड़ती हैं ट्रेनें

नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए 24 से 30 नवंबर तक यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। मौजूदा स्टेशन में एक लाइन जोड़ने में स्टेशन के लेआउट में बदलाव शामिल होता है। यह बदलाव एक विशेष संरक्षा स्थिति के तहत किया जाता है, जिसे नॉन-इंटरलॉकिंग कहा जाता है। उदाहरण के लिए सामान्य परिस्थितियों में एक ट्रेन को स्टेशन पार करने में 3-4 मिनट लगते हैं, लेकिन ऐसे यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इसमें 20-25 मिनट समय की आवश्यकता पड़ती है। इस स्थिति में बहुत कम संख्या में सीमित ट्रेनों का परिचालन संरक्षा के मापदंडों को पूरा कराते हुए किया जा सकता है। नौरोजाबाद स्टेशन पर यार्ड मॉडिफिकेशन कार्य के दौरान लगभग 600 से अधिक मजदूरों सहित रेलवे के विभिन्न विभागों के लगभग 50 इंजीनियर/रेलकर्मी व 8 अधिकारी दिन-रात कार्य को संपादित करेंगे। इन कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न मशीनरी जैसे टी-28, बीसीएम, सीएसएम, यूनिमैट मशीन, पोकलेन, क्रेन, टॉवर वैन आदि भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# पार्किंग ठेका की कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली सफाई की सुविधा देने प्लानिंग के बाद फाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रावांभाठा में बसाए गए ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्था बहाली के लिए जुलाई 2023 में की गई प्लानिंग की अधिकारी बदलते ही हवा निकल गई। यहां स्ट्रीट लाइट, पानी के साथ ही सफाई की बेहतरी के लिए निगम के पास कर्मचारी भी नहीं हैं। इसे देखते हुए बिरगांव निगम के पूर्व आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ट्रांसपोर्ट नगर के 6 बड़े और दो छोटे पार्किंग में वाहनों की पार्किंग से होने वाली कमाई से वहां सुविधा बढ़ाने के लिए तैयारी की थी। उनका ट्रांसफर होते ही मसौदे की फाइल ही बंद कर दी गई है। रायपुर निगम ने जिस तरह से बस स्टैंड में पार्किंग के लिए शुल्क तय किया है। उसी तर्ज पर बिरगांव की सामान्य सभा में भी वार्ड 13 में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की पार्किंग के लिए दरें तय की गई। इस संबंध में पक्ष- विपक्ष की सर्व सहमति से 30 जुलाई 2023 को निगम की सामान्य सभा में सहमति भी मिली। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों की आपत्ति और विरोध को देखते हुए इस मामले में दोबारा विचार करने के लिए संयुक्त रूप से मीटिंग का दावा किया गया। इसके बाद चुनावी तैयारी के चलते मामले की फाइल दब गई। अब आयुक्त बदलने के बाद निगम के प्रतिनिधियों ने खुद आगे आने और मामले में निर्णय लेने की बजाय इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

हरिभूमि सरोकार

## बिरगांव निगम आयुक्त बदलते ही तालमेल बनाने मीटिंग भी नहीं हुई इसलिए..

### तीन महीने निगम चलाता पार्किंग

निगम की सीमित आय और ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई के साथ ही मूलभूत सुविधा को मेंटेन करने के लिए वाहनों की पार्किंग दर निर्धारित की गई। इसमें प्रावधान किया गया कि निगम द्वारा तीन माह तक स्वयं वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल की जाएगी। इसके बाद ही निगम प्रशासन द्वारा टेंडर के तहत ठेका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले ही विरोध और आपत्ति के चलते ठंडे बस्ते में है। इससे ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई और सुरक्षा का बुराहाल है। इसके लिए प्रयास करने की बजाय जिम्मेदार प्लानिंग को ही भूल गए हैं।

### 24 घंटे के लिए तय पार्किंग दरें

01. टेक्टर, मेटाडोर रु. 150
02. बैकहोलोडर, पैलोडर- रू. 200
03. ट्रक (06 चक्का) रू. 200
04. ट्रक (10 से 12 चक्का) रू. 250
05. ट्रक- 12 से 20 चक्का ट्राला, रू. 300

### मामले जल्द चर्चा की जाएगी

पूर्व आयुक्त की मंशा के तहत ही ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग को लेकर प्लानिंग की गई थी। उसे सामान्य सभा में मंजूरी मिली, लेकिन विरोध की वजह से निर्णय नहीं ले पाए हैं। जल्द ही इस मामले में चर्चा की जाएगी।

**-नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

## खबर संक्षेप



### ट्रांसफार्मर खराब होते ही 1 घंटे में बदला गया

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर बस स्टैण्ड स्थित बिजली ट्रांसफार्मर खराब होते ही बिजली विभाग की मुस्तैदी के चलते 1 घंटे के अंदर नया बदला गया।

### योगेश्वर ध्रुव के निधन पर परिवार ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**राजिम।** योगेश्वर ध्रुव के निधन पर उनके परिवार द्वारा सोमवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दमौवापारा में न्योता भोज में दाल, चांवल, सब्जी, खीर, पुड़ी, मीठा परोसा गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य संजय एक्का, समिति के अध्यक्ष मंगलू सोनकर , प्रधानपाठक द्वय यशवंत साहू, सुनीता यादव, शिक्षक रेखा शुक्ला, नरेंद्र देवांगन, देवेन्द्र नागेश, दामिनी पटेल, चांदनी कंसारी, रम्भा ध्रुव एवं रसोईया उपस्थित थे।

## किसानी : किसान ऑनलाइन टोकन कटाकर सीधे उपार्जन केंद्र ले जा रहे हैं धान

# अंचल में धान कटाई जोरों पर, हार्वेस्टर के साथ किसान हंसिए से भी कर रहे कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मैदानी इलाकों के अलावा वनांचल के गांव में धान कटाई और मिजाई जोरों पर हैं। किसान खरीफ़ सीजन में फसल की कटाई आधुनिक और पारंपरिक तरीके कर रहे है। अंचल में इन दिनों धान की कटाई और मिजाई का काम तेज़ी से चल रहा है। किसान अपनी फसल को तैयार देख कटाई के लिए जुट गए हैं। इस बार किसान आधुनिक और पारंपरिक दोनों तरीकों का सहारा ले रहे हैं। अधिकांश किसान धान की कटाई के लिए हार्वेस्टर मशीन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे समय और श्रम की बचत हो रही है। वहीं, नमी वाली जमीन में फसल काटने के लिए चैन मशीन का सहारा लिया जा रहा है, जो इन परिस्थितियों में बेहद प्रभावी साबित हो रही है। इसके साथ ही, कई किसान पारंपरिक तरीके से हंसिया लेकर हाथों से भी धान की कटाई कर रहे हैं। यह तरीका खासतौर पर छोटे किसानों और सीमांत क्षेत्रों में अधिक देखा जा रहा है। फसल कटाई के बाद मिजाई का काम भी तेजी से चल रहा है। माई धान, सरना और अन्य वैरायटी के धान की कटाई के साथ ही किसान समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए धान लेकर सोसायटी की ओर रुख कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार समय पर वर्षा और उचित देखभाल के कारण फसल की गुणवत्ता बेहतर है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने किसान ऑनलाइन टोकन काट कर सीधे उपार्जन केंद्र धान ले जा रहे है। धान कटाई के इस मौसम में अंचल के गांवों में उत्साह और व्यस्तता का माहौल है। किसान, आधुनिक और पारंपरिक तरीकों के संयोजन से फसल कटाई कर अपने मेहनत का फल सहेजने में जुटे हैं।

**किसान आधुनिक और पारंपरिक दोनों तरीकों का ले रहे हैं सहारा**






## बस स्टैंड में नहीं लगे सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

एक दौर था, जब लोग घरों पर बिना ताला लगाए चले जाते थे। फिर ताले लगने लगे, जो आगे चलकर और मजबूत होते गए। इलेक्ट्रॉनिक लांक और गेटेड कालोनियों का चलन बढ़ा लेकिन, अब सुरक्षा को लेकर पैमाने बदल गए। अब लोग घर परिवार की सुरक्षा को लेकर घर के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे हैं। बडी संख्या में दुकान मकान अब सीसीटीवी की निगरानी में दिखाई देते हैं। वर्तमान में परिवार और गांव की सुरक्षा जितनी ज़रूरी है, उतना ही सिक्योरिटी सिस्टम मजबूत होता जा रहा है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में रसेला बड़ा गांव है। उड़ीसा बार्डर सिर्फ 7 किलोमीटर के दूरी से लगा हुआ है। आसपास क्षेत्र में कई घटना घटित होने पर थाना छुरा और पिपरछेडी वाले आकर किसी के दुकान या पेट्रोल पंप में जाकर जानकारी करते हैं। मालूम हो कि अभी कुछ दिन पहले कलमीडीह में मर्डर हुआ था और कातिल लिटीपारा से मोटरसाइकिल से रसेला होते हुए कलमीडीही गया था। जब पुलिस वाले विवेचना किया तो रसेला में सीसीटीवी कैमरे देखने आया, मगर मेन रोड से लगे दुकानों में सीसीटीवी कैमरे बंद था या कई दुकान वाले अभी तक सीसीटीवी नहीं लगा पाए हैं। छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम और पिपरछेडी के थाना प्रभारी संतोष साहू ने कहा कि पंचायत और व्यापारियों के प्रयास से नागरिकों की सुरक्षा शांति हेतु गांव के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए ताकि गांव में सुरक्षा शांति व्यवस्था बनी रहें। रसेला बस स्टैंड जो कि पूरे आसपास के क्षेत्र के लोगों का आवागमन का प्रमुख मार्ग है जहां लगातार भीड़ जमा रहता है। चौक में सुरक्षा की दृष्टि से कैमरा लगाना अतिआवश्यक हो गया है। उड़ीसा जाने का भी प्रमुख मार्ग इसी चौक से होकर गुजरता है और कई अनजान व्यक्ति द्वारा चौक के आसपास दिखाई देते रहते हैं। रसेला में चौंक पर नजर रखने के लिए अब तीसरी आंख की अतिआवश्यक हो गया है। ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा कि गांव की सुरक्षा शांति समृद्धि और विकास हेतु रसेला के मेडकीडबरी रोड, रूवाड रोड, छूरा रोड और बस स्टैंड चौक पर सीसीटीवी कैमरा लगाना चाहिए।



## स्वयंसेवकों ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं ने नेशनल हाइवे 130 में राहगीरो को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस अभियान में संयोजक डॉ आर के रजक ,अविनाश शर्मा, विकास साहू, चितरंजन साहू, ठाकुरराम साहू, काजल साहू शामिल थे जिन्होने आने-जाने वाले हर तरह के वाहनों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी एवं दुपहिया सवारो को हेलमेट लगाने तथा गाड़ी से संबंधित सभी पेपर्स रखने कहा। डॉ रजक ने कहा कि यातायात नियमों का उलंघन करने पर अर्थदंड के अलावा परेशानी में पड़ सकते है लिहाजा इसका पालन करें। जिन शहरो में रेड एवं ग्रीन सिग्नल लगा हुआ है उस पर ध्यान रखे। रेड सिग्नल के जलते ही अपनी गाड़ी रोक दें और ग्रीन सिग्नल पर रवाना हो जाए। गाड़ियो को ओवरटेक करते वक्त यह भी ध्यान रखे कि सामने से कोई गाड़ी आ तो नही रहा है। जरा संभलकर चलें। स्पीड नियंत्रित रखें क्योंकि जीवन अमूल्य है। थोड़ी सी लापरवाही या जल्दबाजी से बड़ी दुर्घटना हो सकती है और जान भी जा सकती है। डॉ रजक ने कहा कि वाहन नियंत्रित गति में चलाएं, नशे की हालत में कभी भी गाड़ी ना चलाएं और चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग हरगिज ना करें। जागरूकता अभियान में व्यास नारायण, हेमंत निषाद, मोहेंद्र ,अंजुल कुर्रे, साधना, नेहा, विनीता , नेमित सहित 86 स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही।



## जेंजरा में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी महेश ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



सोमवार को जेंजरा सोसायटी में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी महेश साहू को गांव के महिला सरपंच हीरामणी साहू ने शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण के पूर्व प्राधिकृति अधिकारी महेश साहू,सरपंच हीरामणी, पंच देवकी साहू,गांव के पूर्व सरपंच जालम साहू, डॉ. दिलीप साहू सहित गांव के बड़े बुजुर्ग, किसानो ने भारत मां की पूजा-अर्चना किया। शपथ ग्रहण करने के बाद प्राधिकृत अधिकारी महेश साहू ने छत्तीसगढ़ शासन और विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझ पर विश्वास कर यह पद दिया गया है मै इस पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए किसानो के हित में सदैव काम करूंगा। शासन एवं विधायक ने मुझ पर विश्वास किया है इस विश्वास को कभी खंडित होने नही दूंगा। पूरी ईमानदारी के साथ काम करूंगा। समारोह को जालम सिंह साहू, सरपंच हीरामणी साहू, डॉ. दिलीप साहू सहित गणमान्य नागरिको,किसानो ने भी संबोधित किया इस अवसर पर भुवन लाल साहू,थानुराम साहू, आसकुमार साहू, नंदकुमार साहू,र मेशर ध्रुव, नंदलाल साहू, माधो साहू, होरीलाल साहू, शंभु साहू, प्रमोद साहू, यादराम साहू, रूपराम साहू, तिलक कंवर, राजेंद्र साहू, हेमु साहू, सुकालु तारक, शिवकुमार साहू, शिवचरण, गोवर्धन साहू, समिति प्रबंधक गिरिजाशंकर साहू, पारस वर्मा, चुम्मन लाल साहू, प्रीतराम वर्मा, मानसिंह ध्रुव, तोरण साहू, विजय ध्रुव, मनीराम कंवर मौजूद थे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रभारी रामस्वरूप यदु की बिदाई शॉल एवं श्रीफल से किया गया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल का मनाया गया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा मंडल राजिम के अध्यक्ष कमल सिन्हा का 56वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया। पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने बताया कि श्री सिन्हा ने सुबह भगवान राजीवलोचन, कुलेश्वरनाथ महादेव की पूजा-अर्चना किया। उन्हें बधाई देने वालों का लगातार तांता लगा रहा। बधाई देने वालो में विधायक रोहित साहू, सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, पार्षद पूर्णिमा चंद्राकर, देवकी साहू, भाजपा नेता संजीव साहू, सोमनाथ पटेल, मधु नत्थानी, शरद पारकर, पूरन यादव, खुशी साहू, कमलेश साहू, चंदन साहू, किशोर पटेल, आकाश राजपूत, संजीव चंद्राकर, डॉ. दिलीप साहू, मकसूदन साहू, सोमप्रकाश साहू, भागवत साहू, प्रीतम सिन्हा, कुलेश्वर रेखा साहू, दीपक साहू, मनोज देवांगन, राहुल शर्मा, सुरेंद्र सोनटके, पकलू ठाकुर, दयाराम यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## विधायक कार्यालय में भाजपा मंडल की हुई बैठक

**नवापारा-राजिम।** विधायक कार्यालय में सोमवार को भाजपा मंडल द्वारा संगठन पर्व और बूथ समिति गठन को लेकर बैठक रखा गया। बैठक में मंडल के समस्त शक्ति केंद्र और सह-सहयोगियों को बूथ समिति गठन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्राथमिक सदस्यता बुक वितरण किया गया। बैठक में प्रभारी दयालु गाड़ा, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन, नवल साहू, नत्थूराम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र सोनी, मायाराम साहू, इमरान सोलंकी, धीरज साहू, मनीष देवांगन, साधना सौरज, धनमति साहू, अन्नपूर्णा देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। अगले कुछ दिनों में भाजपा का राष्ट्रीय स्तर पर संगठन चुनाव होना है, जिसमें क्रमवार पहले मंडल अध्यक्ष, फिर जिला अध्यक्ष, फिर प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव होंगे।







## रामलला दर्शन के लिए 19 श्रद्धालु रवाना

**छुरा।** जनपद पंचायत छुरा एवं नगर पंचायत छुरा, भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए दर्शनथियों को भेजा जा रहा है। सोमवार को 19 श्रद्धालु को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। उक्त अवसर पर जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, शीतल ध्रुव समाजसेवी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वहीं उन्होंने सभी दर्शनर्थियों को गुलाल एवं पहचान पत्र से नावाजा गया तत्पश्चात रवाना किया गया। आरके ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी लाल सिंह मरकाम सीएमओ के मार्गदर्शन में भेजा जा रहा है। इस अवसर पर कयाराम यादव वरिष्ठ करारोपण अधकारी, धनेश्वर नाग, विकास सोनी, सीता राम ध्रुव, शिव दर्शन ध्रुव, कोमल ध्रुव, बसंत साहू, गणेशु राम साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रविवार को छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की जिला शाखा गरियाबंद की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अर्जी निवेश कक्ष, गरियाबंद में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष बसंत वर्मा जल संसाधन विभाग, उपाध्यक्ष खेलावन ध्रुव, सचिव संतोष बघेल, कोषाध्यक्ष सिद्दू बघेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजराम ठाकुर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा,सह सचिव लोकेश पटेल, उप कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, मीडिया प्रभारी वेदप्रकाश साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सातो बाई टंडन, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष जागेश्वरी कंवर,महिला प्रकोष्ठ सह सचिव वागेश्वरी ध्रुव, प्रचार प्रसार मंत्री रहीस खान एवं अन्य शामिल है। कार्यकारिणी सदस्य प्यारे लाल साहू, देवकुमार तिवारी, गौरी बाई निषाद, सुनीता यदु, गायत्री देवांगन, कविता जमरे, सोहन यदु को नियुक्त किया गया है। बैठक में संघ के कार्यों को मजबूत करने और कर्मचारियों के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।




## साल के जंगल से घिरा मैनपुर में पारा 10 डिग्री पर पहुंचा

# प्रदेश में कश्मीर के नाम से मशहूर ओड़ आमामोरा में कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र कड़ाके की ठंड के चपेट में है यहां पारा 10 डिग्री तक पहुंच गया है। ठंडी हवा से लोग दिनभर धूप मे रहना पसंद कर रहे हैं। जिले के मैनपुर वनांचल क्षेत्र घने साल के जंगल से घिरा क्षेत्र है और साल के जंगल क्षेत्र मे अन्य क्षेत्रें की अपेक्षा ठंड ज्यादा पड़ती है जिसका असर मैनपुर क्षेत्र में पिछले तीन- चार दिनों से देखने को मिल रहा है। उत्तरी क्षेत्र से ठंडी एवं शुष्क हवाओं के चलने के कारण तापमान में गिरावट हो रही है। आने वाले दिनों में और भारी ठंड पड़ने की संभावना बतायी जा रही है। छत्तीसगढ़ के कश्मीर के नाम से मशहूर मैनपुर क्षेत्र के ओड़ आमामोरा पहाड़ी में घने जंगल के कारण अत्यधिक ठंड महसूस की जा रही है। जिले मे सर्वाधिक ठंड वाला क्षेत्र ओड़ आमामोरा ताराझर, मटाल क्षेत्र में पड़ता है और यहां ठंड की भारी असर देखने को मिल रहा है।

**शाम चार बजते ही क्षेत्र के चौक-चौराहों में अलाव जलना शुरू-** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के चलते मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में शाम चार बजते ही चौक चौराहों गली मोहल्लो में इन दिनों अलाव जलाकर लोग आग सेकते दिखाई दे रहे है यह सिलसिला रात तक चलता है तो वहीं दूरस्थ वनांचल ग्रामों में ग्रामीण आग अंगेठी जलाकर उसके गर्म ताव के नजदीक आसानी से सोते है और ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है शासन प्रशासन को चाहिए तहसील मुख्यालय स्तर के ग्रामों में कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंचायत स्तर पर अलाव जलाने की व्यवस्था किया जाये क्योंकि बाहर से आये मुसाफिर कड़ाके की ठंड मे ठिठुरते नजर आ रहे है।

**ठंड का सेहत पर पड़ रहा है विपरित असर**



वनांचल मैनपुर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के कारण इसका विपरित असर छोटे-छोटे बच्चो और उम्रदराज बुजुर्गो के सेहत पर असर पड़ता दिख रहा है। सर्दी- खांसी, बुखार और वायरल फिवर के मरीजों की संख्या लगातार बड़ रही है। बुजुर्ग और बच्चे ज्यादा वायरल फिवर के शिकार हो रहे हैं तो वहीं पेट में दर्ज के साथ दस्त रोगीयों की संख्या भी बड़ गई है। मैनपुर चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने लोगों से अपील किया है कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। घर से मोटरसायकल में सफर करने से पहले पूरी तरह गर्म कपड़े पहन कर निकले और ताजा गर्म भोजन करें साथ ही कुनकुना गर्म पानी पीने की सलाह दी है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## मितानिन एवं आंबा कार्यकर्ता हुए सम्मानित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत अकलवारा में मितानिन दिवस पर मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का श्रीफल एवं साड़ी से ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा ध्रुव, सचिव धनेश साहू,उप सरपंच लता विश्वकर्मा पंचगण भुवन लाल ध्रुव, हीरामन साहू, सेवक दीवान, जितेन्द्र साहू, संजय दीवान, पार्वती दीवान, भूनेश्वरी दीवान, मोतिम बघेल, दाऊलाल दीवान, संतराम निषाद घसिया राम निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मितानिन नीतन साहू, पेमलता दीवान, हेमलता दीवान, कुमारी ध्रुव, जामवंतीन साहू, कुमारी साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना दीवान, धनेश्वरी निषाद, नीलम दीवान, राम्हीन बघेल, हीरा ध्रुव, टेमेश्वरी दीवान, सहायिका सुशीला, लता भारती, तुलेश्वरी दीवान, हितेश्वरी, मीरा, बिरजा बाई आदि का सम्मान किया गया।

## विधायक से सिन्हा समाज के पदाधिकारियों ने की मुलाकात



**सुरसाबांधा।** छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला गरियाबंद के तत्वाधान में समाज द्वारा जिला मुख्यालय गरियाबंद में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती 29 नंवबर को रखा गया है। सिन्हा समाज के पदाधिकारियों ने विधायक रोहित साहू से भेंट मुलाकात कर कार्यक्रम में आने का न्योता भी दिया। मुलाकात करने वालों में मंडलेश्वर श्री रामलाल सिन्हा, कमल सिन्हा, प्रांतीय राजनीतिक प्रकोष्ठ का एवं मंडल अध्यक्ष राजिम मंडल राजिम परिक्षेत्र के सचिव संजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष भारत सिन्हा एवं युवा अध्यक्ष जागतराम सिन्हा उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई शहर में सफाई व्यवस्था

**राजिम।** बीते चार दिनों से राजिम नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल में चले गए है जिसमें शहर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। बता दें कि ये कर्मचारी 22 नवंबर से



हड़ताल में गए है जिसके कारण आज चार दिनो से नगर के सफाई सहित अन्य व्यवस्था डावांडोल हो गया है। शहर में कईयो जगह कुड़ा करकट, गंदगी बिखरी पड़ी हुई है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने शासन से आग्रह करते हुए कहा कि प्लेसमेंट कर्मचारियों की यथोचित मांगो को पूरा करने पहल की जाए जिससे शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सुधर जाए। उल्लेखनीय है कि हड़ताल में गए कर्मचारियों की मांग है कि अन्य विभागों की तरह उन्हें भी वेतन सीधे प्रदान की जाए, इसके अलावा भी कुछ और अन्य मांग भी शामिल है उसे भी सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूरा करने की दिशा में कदम उठाई जाए।

### निधन

## भरतलाल ठाकुर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली निवासी भरतलाल ठाकुर उम्र



(64) का निधन 24 नवंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे स्व बहुरसिंग ठाकुर (गौटिया) के पुत्र थे।

# धार्मिक व प्राकृतिक रूप से संपन्न नगरी राजिम को घोषित किया जाए पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

अलग खबर

प्रदेश में पर्यटन के दृष्टिकोण से देखा जाए तो पूरे प्रदेश में राजिम का कोई मुकाबला नहीं है। मतलब हर दृष्टिकोण से राजिम के 30 किमी के दायरे को देखते हुए राजिम को पर्यटन के रूप में घोषित किया जा सकता है। यह ईलाका प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। नदी, जंगल, पहाड़ और एक से बढ़कर एक प्राचीन मंदिरो एवं प्राकृतिक झरना स्थल का गढ़ है। भाजपा के नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कहा कि कि राजिम को केंद्र मानकर 30 किलोमीटर परिक्रमा मार्ग पर पर्यटन का मानचित्र खींचा जाय तो 10 से अधिक आस्था के केंद्र एवं भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित 3 जलप्रपात मानचित्र में आयेंगे। आस्था एवं पर्यटन के इस केंद्र को यदि रेखांकित किया जाय तो यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा पर्यटन केंद्र के रूप में उभरकर सामने आ जाएगा। श्रद्धालु और सैलानी इस क्षेत्र के समस्त आस्था केंद्रों के दर्शन एवं प्राकृतिक सौंदर्य का मजा ले सकेंगे। आवश्यकता है पर्यटन मानचित्र बनाने की। यदि शासन स्तर में पहल की जाती है तो छत्तीसगढ़ टूरिज्म जो राजिम पर्यटन योजना सफारी की तर्ज पर वाहनों की व्यवस्था कर गाइड को प्रशिक्षित करे एवं विभिन्न मंदिर,जलप्रपात एवं प्राकृतिक सुंदरता का भ्रमण करवाए जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। इससे छत्तीसगढ़ में राजिम टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। नवापारा के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि पर्यटन एवं आस्था के इस केंद्र में अपार संभावना है यह स्थान राजधानी रायपुर के निकट होने के साथ-साथ नया रायपुर एवं स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से मात्र 40 मिनट के सड़क मार्ग पर स्थित है। जहां पहुंचना अत्यंत सुलभ एवं सरल है। सड़कें चकाचक है। माह फरवरी 2025 में रेल सेवा भी प्रारंभ हो जाएगा। फलस्वरूप राजिम रेल मानचित्र पर होगा जिससे रेल द्वारा देश के किसी भी कोने से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## राजिम को पर्यटन के दृष्टिकोण से बनाई जा सकती है कारिडोर कार्य योजना

### वल्लभाचार्य का जन्म स्थान गुजराती वैष्णव समाज का प्रमुख तीर्थ है



राजिम से 14 किलोमीटर दूर महाप्रभु वल्लभाचार्य का जन्म स्थान है जो गुजराती वैष्णव समाज का प्रमुख तीर्थ है। पंचकोशी धाम के नाम पर पांच महादेवों का मंदिर है। 16 किलोमीटर दूर महानदी के किनारे ग्राम टीला सेमरा में हनुमान जी का मंदिर सेमराडिपरा वाले के नाम से प्रख्यात है। राजिम से 23 किलोमीटर दूर पैरी नदी किनारे प्रकृति की गोद में सिरकट्टी आश्रम है जहां सिर कटे हुए मूर्तियो की भरमार है। यहां प्राचीन बंदरगाह भी है। बात यदि जिला मुख्यालय गरियाबंद की करे तो विश्व का सबसे विशालतम शिव लिंग भूतेश्वरनाथ के रूप में ख्याति प्राप्त किया हुआ है। राजिम के पावन भूमि में छत्तीसगढ़ के गांधी पंडित सुंदरलाल शर्मा एवं संत पवन दीवान संत कृष्णारंजन का जन्मस्थली है।

### माता सीता ने त्रिवेणी संगम में की थी पूजा

राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज भी कहा जाता है। मान्यता है की वनवासकाल के दौरान माता सीता ने त्रिवेणी संगम में शिवलिंग स्थापित कर पूजा की थी। उस स्थान पर आज भगवान श्री कुलेश्वर नाथ जी महादेव का बहुत ही खुबसूरत मंदिर है जो पूरे छत्तीसगढ़ सहित देश और दुनिया में आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। राजिम में भगवान श्री राजीव लोचन के रूप में भगवान विष्णु विराजमान है। चूंकि यहां पैरी, सोढुर एवं महानदी का संगम स्थल है। जहां श्रद्धालुजन आस्था की डुबकी लगाते है। पर्यटन के उद्देश्य से यदि इस स्थान के 30 किलोमीटर के दायरे को चिन्हांकित किया जाय तो राजिम से 20 किलोमीटर में मां जतमई एवं घटारानी का मंदिर है। प्राकृतिक सौंदर्य को बिखेरते हुए जलप्रपात है। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लोग माह जुलाई से लेकर फरवरी तक पर्यटन के लिए आते है। राजिम से 30 किलोमीटर की दूरी पर चिंगरापगार का खूबसूरत जलप्रपात है। यहां भी साल के सात-आठ माह पर्यटकों का तांता लगा रहता है।

## समस्या : जर्जर रपटा के ऊपर बड़े-बड़े गड्ढे, राहगीर आए दिनों हो रहे दुर्घटना के शिकार

# अमलीपदर सूखा नदी पुल का निर्माण एक साल से बंद जर्जर रपटा से आवागमन करने को ग्रामीण हैं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत अमलीपदर धुरवागुड़ी मुख्य मार्ग सूखा नदी में ग्रामीणों के लंबे संघर्ष के बाद 705.41 लाख रूपये के पुल निर्माण की स्वीकृति 31 मार्च 2021 को मिला था। जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इस पुल की लंबाई 150.00 मीटर एवं चौड़ाई 8.400 मीटर का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग द्वारा प्रारंभ किया गया। एक वर्ष तक निर्माण कार्य ठीक ठाक चला और दो पिल्हर भी खड़ा किया जा चुका है। लेकिन इसके बाद से निर्माण कार्य धीमा हो गया और पिछले एक वर्ष से पुल निर्माण कार्य पूरी तरह बंद है। इस पुल निर्माण स्थल में पुराना जर्जर रपटा के ऊपर पानी भरा हुआ है और रपटा में बड़े -बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। प्रतिदिन हजारों लोग इस जर्जर रपटा को पारकर आना -जाना करने मजबूर हो रहे हैं। स्कूली छात्र-छात्राएं भी इसी जर्जर रपटा के ऊपर आना -जाना करते हैं। कई बार यहां दुर्घटना हो चुकी है और तो और यहां के सरपंच और ग्रामीणों के द्वारा पुल निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल तक किया जा चुका है तब संबंधित विभाग के अफसरो ने जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन निर्माण कार्य पूरी तरह ब्रेक लग गया है जिसके चलते इस क्षेत्र के हजारों लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जबकि इस पुल को पारकर जिले के आला अफसर व विधायक व जनप्रतिनिधि क्षेत्र के दौरे पर पहुंचते रहते हैं बावजूद इसके पुल का निर्माण अबतक प्रारंभ नहीं हो पाया है।



### टेंडर रेट ओपन

लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के एसडीओ श्री पंडोले ने बताया अमलीपदर पुल का अभी टेंडर आया है टेंडर का रेट ओपन हो गया है अभी फाइनल नहीं हुआ है कि किसको कार्य मिला है नहीं मिला है।



### 5 पिलर में एक भी खड़ा नहीं कर पाया ठेकेदार

मैनपुर अमलीपदर सूखा नाला पर 2020 में 7 करोड़ से अधिक की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी तो मिल गई पर विभागीय उदासीनता के चलते आज भी इस क्षेत्र के लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। 150 मीटर पुल के निर्माण की जवाबदारी पीडब्ल्यूडी के सेतु शाखा को मिली थी। निविदा के बाद एनजी एसिसोएट नाम की कंपनी को काम मिला। 5 जून 2022 को कार्य आदेश जारी हुआ, जिसे 2023 में पूरा कर लिया जाना था, लेकिन ठेका कम्पनी ने तय समयावधि के अतिरिक्त और एक साल मिलने के बावजूद केवल 30 प्रतिशत ही काम कर पाया। पिछले चार साल में ठेकेदार ने बनाए जाने वाले 5 पिलर में एक भी खड़ा नहीं कर पाया। केवल दो एबर्टमेंट ही मे हो सका है, ठेका कंपनी के पास काम करने पर्याप्त संसाधन नहीं थे। लिहाजा पिलहर के लिए नींव खोदने में ही एक साल से ज्यादा समय लग गए। नींव खुदाई में आए पत्थर को तोड़ने के लिए मशीन जुगाड़ करने में ठेका कंपनी को 6 माह लग गए थे। काम देरी होते देख विभाग ने 6 प्रतिशत पेनाल्टी चार्ज कर दिया था। तीन नोटिस के बाद 14 जून 2024 को सेतु शाखा ने ठेका निरस्त कर दिया। विभाग ने अब तक 28 प्रतिशत काम के एवज में लगभग डेढ़ करोड़ का भुगतान कम्पनी को किया है।

### अब तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं


सरपंच सेवन पुजारी ने बताया कुछ महिने पहले उनके द्वारा हड़ताल किया गया था तब पुल निर्माण के आश्वासन के बाद उन्होने अपना हड़ताल वापस लिया था लेकिन अबतक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। सरपंच सेवन पुजारी, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, कांग्रेस नेता श्रवण सतपथी, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज मांझी, जनपद सदस्य ललिता यादव, संजय दुबे, गोवर्धन दाउ, जीवन यादव, अनुराग वाघे, बंशीलाल साहू, संतोश पटेल, शोभाराम निशाद, प्रभाराम निशाद, उज्जवल यादव, धनेश्वर निशाद, त्रिलोकी तिवारी, नंदकुमार, जिगनेश पटेल, विजय भाई पटेल,उत्तम सिंह पूरन साहू, दामोदर साहू व क्षेत्र के लोगो ने बताया पुल निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा छोड़ दिया गया है और जर्जर रपटा में बड़े- बड़े गड्ढे हो गये हैं। जहां जान जोखिम मे डालकर ग्रामीण आना जाना करने मजबूर हो रहे है जल्द पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होना चाहिए जिससे इस क्षेत्र के लोगो को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके।

## विधायक ध्रुव की अनुशंसा पर 20 निर्माण कार्यों के लिए 76.51 लाख रुपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनकराम ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 20 निर्माण कार्यों के लिए 76 लाख 51 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेला के आश्रित ग्राम कारीमाटी के वार्ड 13 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत रसेला के आश्रित ग्राम बेलडीह में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के ग्राम हीराबतर में नेताम पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसी प्रकार जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रीपारा में हायर सेकेण्डरी स्कूल दर्रीपारा में अहाता निर्माण के लिए 3 लाख रूपये, ग्राम पंचायत घटौद में घटौद बांध में पचरी निर्माण एवं सौंदर्रीकरण के लिए 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत धवलपुर में फिरंता निषाद के घर से हेमलाल यादव घर तक व वार्ड क्रंमांक 19 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत फुलकर्रा में पीलादाउ निराला घर से मुकेश घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 99 हजार रूपये, जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत सीनापाली में मुकेशदास घर से बाजारपारा तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत सुकलीभाठा नवीन के आमपारा मार्ग में चरण खेत के पास पुलिस निर्माण के लिए 10 लाख, ग्राम पंचायत के ग्राम मुरलीगुड़ा वार्ड 9 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये और ग्राम पंचायत मुंगिया के ही कुर्मीबासा हजारी घर से रमेश घर तक सीसी रोड के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

# भाजपा की सभी बूथ समित में होंगे 25-25 सदस्य

### 25 सदस्यीय टीम गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल पाण्डुका के शक्तिकेंद्र के अंतर्गत पांच बूथों में बूथ समिति का चयन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से खड़मा बूथ क्रमांक 123 में बूथ अध्यक्ष के लिए भूपेंद्र साहू, बूथ क्रमांक 124 में रूपेश्वर साहू, पंक्तियां बूथ क्रमांक 153 में महेंद्र साहू, कनेशर 154 में कृष्णा पटेल एवं कनेशर 155 में मुकेश पटेल का चयन किया गया। सभी बूथों में 25 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। जहां चुनाव प्रभारी के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, शक्ति केंद्र संयोजक गुलशन सिन्हा, पूर्णिमा कंवर, हीरामन साहू, संतोष दास मानिकपुरी, खिलावन दिवान, लोकेश छत्रपाल, सालिक सेन, भीखम साहू, गणेश राम ध्रुव, कृपा राम ध्रुव, वीरेंद्र साहू, मूलचंद साहू, राजकुमार निर्मलकर, गेंदूराम निर्मलकर, पंचराम ध्रुव, जोसिक साहू, रामू राम साहू, वेश नारायण साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# कंप्यूटर के विद्यार्थियों ने किया यूनिवर्सिटी कैंपस का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

पीएंडटी कंप्यूटर के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण गरियबन्द जिला स्थित आईएसबीएम यूनिवर्सिटी कोसमी नवापारा छुरा का भ्रमण किया। जहां के कंप्यूटर लैब, इंजीनियरिंग वॉर्क शॉप, साइंस बिल्डिंग, मूट कोर्ट, फ़ार्मेसी लैब साथ ही पूरे यूनिवर्सिटी कैम्पस का विजिट अर्जुन सिंग एवं योगेश्वरी एवं वरुण साहू मार्केटिंग हेड द्वारा विद्यार्थियों को करवाया गया। साथ ही यूनिवर्सिटी फिटबैक फार्म भरवाया गया। कैम्पस विजिट में विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए क्योकि पूरे गरियाबंद जिले में सिर्फ एक ही यूनिवर्सिटी है। विद्यार्थियों ने कहा यहां आकर बहुत अच्छा लगा। नई चीजें व कोर्स देखने सुनने को मिली जो सभी विद्यार्थियों के जानना आवश्यक है। जहां विद्यार्थियों के जलपान की व्यवस्था भी किया गया था। संस्था के संचालक तेजेश यदु ने यूनिवर्सिटी का आभार करते हुए धन्यवाद दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में आई एसबीएम यूनिवर्सिटी टॉप में है। संस्था के टीचर्स पूनम यदु, चांदनी शुक्ला, सतरूपा भारती सहित लगभग 110 विद्यार्थी पहुंचे थे। जहां वापसी में टेंगनाही माता मन्दिर दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

# हिंसा एक गंभीर समस्या, समाधान हमें करना होगा मिलकर : डॉ. बीपी भोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा में अन्तराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर सोमवार को निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दे पर अपने विचारों और सुझावों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक गंभीर समस्या है जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। प्राचीन भारतीय ग्रंथों का उदाहरण देते हुए डॉ. भोल ने कहा कि हमारे धर्मशास्त्रों में बचपन से ही बच्चों एवं बच्चियों को दैनिक कार्यों में बराबर सहयोग करने की शिक्षा दी गई है। विश्व के अनेक देशों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए कई कानून बनाये गए हैं। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ भेदभाव एवं हिंसा मानव दुर्व्यवहार को दर्शाता है। जिनमें हम घर की रसोई से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में भी बालक एवं बालिकाओं के बीच भेद भाव को देख सकते हैं। हम जब तक एक जिम्मेदार मनुष्य नहीं बनेंगे तब तक राष्ट्र निर्माण नहीं कर सकते।विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी. विश्वनाथ ने कहा कि समाज में यह समझ विकसित करने की आवश्यकता है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा सिर्फ़ घरेलू समस्या नही है बल्कि यह एक सामाजिक समस्या है। विज्ञान संकाय के प्रमुख डॉ पूनम वर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक आम समस्या है लेकिन इसके बारे में बात करने से ज़्यादा ज़रूरी है कि मनुष्य के भीतर उस संवेदना को विकसित किया जाए जिससे महिलाएं कोई वस्तु नहीं बल्कि एक मनुष्य के रूप में दिखाई दें। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक रानू वर्मा ने किया।

## इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के उपयोग से धान तौलने में हो रही सुविधा

# जिले में उचित व्यवस्था के साथ हो रही धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राज्य शासन द्वारा 14 नवम्बर से शुरू किये गये धान खरीदी जिले में सुचारू रूप से जारी है। उपार्जन केन्द्रों में उचित व्यवस्था सुनिश्चित कर किसानों से धान खरीदी की जा रही है।

- उपार्जन केन्द्रों में सुनिश्चित सुविधाओं से किसान संतुष्ट

कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों पर सुचारु और पारदर्शी तरीके से धान खरीदी हो रही है। केन्द्रों में सभी प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। किसानों के लिए छायेदार शेड, पेयजल एवं अन्य जरूरी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा धान खरीदी के लिए आवश्यक सुविधाओं को भी सुदृढ़ किया गया है। जिससे किसान बिना असुविधा के खरीदी केन्द्र आकर अपना धान बेच रहे है। तरीघाट के रहने वाले किसान बंशी लाल ने बताया कि पहले धान बेचने लोहरसी जाना पड़ता था। अब शासन द्वारा उनके गांव के नजदीक ही सहसपुर में धान खरीदी केन्द्र खोला गया है। जिससे गांव के किसानों को धान बेचने में सुविधा हो रही है। साथ ही ज्यादा दूरी भी तय नहीं करना पड़ रहा है। इसके अलावा सरकार ने टोकन प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन सिस्टम भी बनाया है। इसके तहत घर बैठे ही मोबाईल एप्प टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से टोकन मिल जा रहा है।







### धान की बिक्री से अच्छी खासी आमदनी हो रही

इसी प्रकार ग्राम काजनसरा के किसान श्री मुनीराम ने बताया कि खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही बारदाना भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल के माध्यम से धान तौलने की सुविधा करने से किसानों को दाने-दाने तौल का हिसाब मिल जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक तौल से सही और त्रुटिरहित तरीके से धान की तौल हो रही है। जिले के किसानों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। जिले में धान खरीदी को देखते हुए लग रहा है कि छोटे एवं लघु कृषकों को धान की बिक्री से अच्छी खासी आमदनी हो रही है। धान बेचने वाले किसानों के बैंक खातों में धान बिक्री की राशि भी समय से प्राप्त हो जा रही है, जिससे किसानों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411